हिमाचल प्रदेश जायका कृषि परियोजना-II

दैनिक डायरी

हमीरपुर: 16 जून 2026

बीपीएमयू-हमीरपुर के सासन क्षेत्र में 45 किसानों की 50 हेक्टेयर में बोई गई हल्दी

***डॉ. सुनील चौहान ने स्टाफ को फसल विविधीकरण के समुचित रिकॉर्ड रखने के दिए निर्देश**

हमीरपुर, 12 जून: हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-II, जायका-ओडीए, के अंतर्गत बीपीएमयू-हमीरपुर के विस्तार स्टाफ ने 12 जून को सासन में हल्दी का प्रदर्शन लगाया। प्रदर्शन गतिविधियों की निगरानी बीपीएमयू के अधिकारियों ने

की।

हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-II, जायका-ओडीए के परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने विस्तार स्टाफ को निर्देश दिए कि फसल विविधीकरण के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का समुचित अभिलेख रखा जाए, ताकि कृषि प्रणाली में हो रहे परिवर्तन तथा परियोजना के परिणामों का सही आकलन किया जा सके।

सासन उप-परियोजना के अंतर्गत 45 किसान परिवारों की 50 हेक्टेयर क्षेत्र क्षेत्र में इस बार हल्दी की खेती कर रहे हैं। किसानों को उच्च मूल्य वाली फसलों को अपनाने तथा कृषि आय बढ़ाने के उद्देश्य से हल्दी का प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह प्रदर्शन श्री सुनील पठानिया के दो बीघा खेत में स्थापित लगाया गया। इसके अतिरिक्त, 16 किसानों को हल्दी की खेती संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहयोग भी प्रदान किया गया। दौरे के दौरान परियोजना अधिकारियों ने किसानों से संवाद किया और अधिक उत्पादन तथा गुणवत्तापूर्ण उपज प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिक खेती, समय पर फसल प्रबंधन तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व पर बल दिया। इस पहल से क्षेत्र में

हल्दी की खेती को बढ़ावा मिलने तथा किसानों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर सृजित होने की उम्मीद है।